तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	गुलाब सिंह बनाम भूमिधारी राजस्थार सरकार **अपील संख्या 19/2020(जीसीएमएस नम्बरा 2020/00351)**	
04.04.24	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलान्ट उपस्थित उन्होने रेस्पोडेन्ट के नोटिस पेश करने हेतु अवसर चाहा। हमने पत्रावली का अवलोकन किया जिससे विदित होता है कि हस्तगत अपील वर्ष 2020 से न्यायालय हाजा के समक्ष विचाराधीन है जिसमें स्थगन आदेश भी दिया हुआ है किन्तु अधिवक्ता अपीलान्ट द्वारा बार-बार अवसर चाहे जाने के उपरान्त भी न्यायालय के आदेश की पालना में रेस्पोडेन्ट के रजिस्टर्ड नोटिस पेश नही किये गये है। ऐसी स्थिति में अपीलान्ट की ओर से न्यायालय हाजा के आदेश की पालना में रेस्पोडेन्ट के रजिस्टर्ड नोटिस पेश नही करने के कारण अपीलार्थी की अपील खारिज किया जाना न्यायोचित होगा। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपीलार्थी की ओर से न्यायालय हाजा के आदेश की पालना में रेस्पोडेन्ट के रजिस्टर्ड नोटिस पेश नही करने के कारण अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। (डॉ0प्रवीण कुमार) अति.संभागीय आयुक्त जयपुर।	